MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House do agree with the Fifty-fifth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 16th March, 1983."

The motion was adopted.

RESOLUTION *RE*: 'RIGHT TO WORK' AS FUNDAMENTAL RIGHT —*contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up further consideration of the following Resolution moved by Shri Chandulal Chandrakar on the 4th March, 1983:

"With a view to solving the unemployment problem, this House recommends to the Government to take steps to include 'Right to Work' in the Constitution as a Fundamental Right."

Shri Chandulal Chandrakar to continue.

श्री चन्दुलाल चन्द्राकर (दुर्ग) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा जो प्रस्ताव है वह इस प्रकार है :

"कि बेरोजगारी समस्या का समाधान करने के लिए यह सभा सरकार से सिफारिश करती है कि वह काम के अधिकार को संविधान में, मूल अधिकार के रूप में सम्मिलित करने के लिए कार्यवाही करे ।"

उपाध्यक्ष महोदय, आप तो जानते ही हैं कि संविधान में हमको बोलने की, लिखने की और पूजा करने आदि की स्वतंत्रता है। लेकिन हम सभी जानते है कि हर आदमी को, इन्सान को, सब कुछ मिल जाए लेकिन अगर उसको भोजन नहीं मिले, दिन भर काम करने के बाद उसको खाना न मिले तो वह कैसे रह सकता है । कोई एक अच्छा नागरिक भी हो, ईमानदार नागरिक भी हो और वह अच्छा नागरिक रहना भी चाहता है तो भी उसे अच्छा नागरिक रहने के लिए भरपेट भोजन अवश्य चाहिए । अगर उसको यह नहीं मिलता है तो वह गलत काम करने के लिये बाध्य होता है । उसे अपने पेट की भूख को मिटाने के लिए गलत या सही कदम उठाने पड़ते हैं ।

संविधान में हमें जो अधिकार दिये गये हैं, उस समय के संविधान बनाने वालों ने शायद इस बात को अनुभव नहीं किया कि हमारे देश में बेरोजगारी बहुत तेजी से बढ़ सकती है । आप सभी जानते हैं और मैं समझता हूं कि इसके बारे में किसी को भी बहुत अधिक समाधान करने की आवश्यकता नहीं है कि देश में कितने जोरों से बेरोजगारी बढ़ रही है । वैसे तो कई प्रमुख समस्यएं हैं लेकिन आज की परिस्थिति में बढ़ती हुई बेरोजगारी और बढ़ती हुई आबादी सब से बड़ी समस्या है । ये दो समस्याएं ही देश की सबसे बड़ी समस्याएं हैं । इनमें से भी बेरोजगारी की जो समस्या है, यह तो बहुत खतरनाक है और यह बहुत उग्र रूप धारण करती जा रही है । इस सिलसिले में मैं अपने विचार रखना बहुत जरुरी समझता हूं । इस प्रस्ताव के जरिये मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी जो बेरोजगारी की समस्या है, उसको हम कैसे हल करें ।

आज बेरोजगारी सब तरफ बढ़ रही है । कामदिलाऊ दफ्तर या रोजगार कार्यालय जो देश भर में हैं, उनके आंकड़े अगर आप पढ़ें तो उनसे आप पायेंगे कि देश में तीन करोड़, ढाई करोड़ से ऊपर लोग बेरोजगार हैं । आप सभी जानते हैं कि यह आंकड़े कितने सही हैं ।

सभापति जी, मुख्य बात यह है कि बहुत से लोग जो बेरोजगार होते हैं

[श्री चन्दुलाल चन्द्राकर]

वे अपना नाम लिखाते ही नहीं है ! ग्रजुएट लिखाते भी हैं, उन्हें कुछ समय का, पार्ट टाइम काम करने को मिल जाता है लेकिन स्वाभाविक है कि व अच्छा काम चाहते हैं ।

15.35 hrs.

[SHRI R. S. SPARROW *in the rhair*]

ये आंकड़े सही स्थिति का दर्पण नहीं है । यह समस्या आंकड़ों से भी अधिक भयंकर है । इस देश की जनसंख्या 70 करोड़ है और इसमें 14 करोड़ परिवार हैं । इसमें कुछ लाख परिवारों को छोड़कर शेष परिवारों में यह समस्या किसी न किसी रूप में विद्यमान है । कुछ बेरोजगार हैं, किसी को वेतन कम मिलता है । वे पढ़े लिखे हैं काम करना चाहते हैं लेकिन फिर भी उनको रोजगार नहीं मिलता । इसमें उनकी कोई गलती नहीं है । उनको काम देने के बारे में संसद सदस्यों को गम्भीरता से विचार करना चाहिए ।

आप सभी जानते हैं कि इस समस्या की वजह से कई और समस्याएं भी खड़ी हो चुकी हैं । बेरोजगारी से तग आकर कई लोग अपराध करने लगे हैं । इन सब चीजों को देखते हुए संविधान में काम देने के अधिकार को शामिल कर लिया जाना चाहिए ।

बहुत से लोग कहेंगे कि 70 करोड़ आबादी है उसमें प्रत्येक परिवार के व्यक्ति को किस तरह से रोजगार दिया जा सकता है । इससे 14 करोड़ लोगों को रोजजार देने की आवश्यकता पड़ेगी जो चुनौती है । लेकिन हमारा देश हमेशा चुनौतियों का सामना करता रहा है । चाहे पुराने समय में संत महात्मा रहे हों या आज के हमारे नेता हों । हमारा देश डेमोक्रेटिक सोशलिज्म को मानता है । लोग पढ़े लिखे हैं और उनके अंदर काम करने की इच्छा है । कुछ लोग शारीरिक काम करने के लिये तैयार हैं । कई लोहे के कारखानों और खदानों में काम करना चाहते हैं । कई पटवारी का काम करने में सक्षम हो सकते हैं । लेकिन उनको नौकरी नहीं मिलती ।

शहर के लोग दो चार दिन में रोजगार कार्यलय जा सकते हैं । लेकिन जरुरी नहीं की उनको नौकरी मिल जाए पर जो गांवों में रहते हैं वे तो एक बार नाम लिखाकर चले जाते हैं और फिर जब तक उनके पास कोई पत्र नहीं पहंचता तब तक वे पता करने नहीं आ सकते । करोड़ों की संख्या में इस देश में बेरोजगार हैं उनको काम करने का अवसर नहीं मिल पाता ।

यदि सविधान के अंतर्गत प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार देने की व्यवस्था कर दें तब भी कई कानूनी कठिनाइयां उपस्थिति हो सकती हैं । प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार देने में कई कानूनी अड़चनें आ सकती हैं ।

अब समय आ गया है कि कानूनी कठिनाईयों को दूर करने के लिए कौन से कदम उठाए जाएं । पहली बात तो यह है कि हम संविधान में सशोधन करें कि हरेक व्यक्ति को काम के अधिकार दिए जाएं । मुझे पूरा यकीन है इस संशोधन के लिए दोनों पक्ष के सदस्य समर्थन करेंगे । आज कल बेरोजगारी की समस्या देश के हर परिवार में, हर गांव में और हर जगह व्यापत है । इस प्रस्ताव के विभिन्न पहलुओं पर जो आज गैर-सरकारी रूप में रखा गया है, गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है ।

आप जानते हैं कि आज जो पढ़े लिखे बेरोजगार हैं, वे कब तक धैर्य रख सकते हैं। एक समय आ सकता है जब वे अपना धैर्य खो बैठेंगे। अगर ऐसा होता है तो इससे हमारे देश के लोकतंत्र की नींव पर धक्का पहुंचेगा। इसलिए, मेरा सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे संविधान में संशोधन करने के लिए इस प्रस्ताव का अवश्य समर्थन करें। यदि 500 की आबादी का गांव है तो वहां 50–60 ही शिक्षित होते हैं और पांच हजार की आबादी का गांव हो तो मुश्किल से एक हजार युवक-युवतियां ही पढ़े लिखे होंगे।

हमारी शिक्षा प्रणाली भी इस प्रकार की है कि जो दफ्तरों में बैठकर नौकरी करना चाहते हैं, वे ही स्कूल और कालेजों से पढ़कर निकलते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि शिक्षा प्रणाली में अवश्य परिवर्तन होना चाहिए। गांवों में जो स्कूल और कालेज हैं वहां शिक्षकों की बहुत कमी है। सबसे बड़ी बात यह है कि वहां विज्ञान के शिक्षकों की बहुत कमी है। जो विज्ञान के शिक्षक हैं वे गांवों की अपेक्षा शहरों में रहना ज्यादा पसन्द करते हैं। इसलिए जब गांव और शहर के लड़कों को परीक्षा में बैठाते हैं तो शहर वाले ज्यादा पास होते हैं। इन दोनों में कोई समानता नहीं है। हम कहते हैं कि सबको समान अधिकार मिलेगा। लेकिन जब परीक्षा में बैठाते हैं तो क्या वह समान है? गांव में ऊंचे दर्जे की पढ़ाई नहीं होती है इसलिए वहां बेरोजगारी अधिक है कहने का तात्पर्य यह है कि बरोजगारी दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

इस बारे में मेरा सुझाव यह है कि नौकरी के लिए इतिहास, भूगोल मत पढ़ाओ बल्कि उसकी जगह लेथ मशीन या अम्बर चरखा रख दीजिए और उसी तरह से उद्योग लगा दीजिए। आप देखेंगे कि पचास परसेन्ट से ज्यादा लड़के स्वावलम्बी हो जाएंगे। वह खुद अपने आप कमा सकता है। इसलिए स्कूलों में पढ़ाई की प्रणाली में परिवर्तन करना चाहिये। वैसे बहुत सी कमेटियां और कमीशन बने, उनकी रिपोर्टस आयीं, लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। आज आवश्यकता इस बात की है कि देश के स्कूलों और कालेजों को 6 महीने, साल भर बन्द भी कर के व्यावहारिक शिक्षा दी जाय ताकि वहां से निकले हुए बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो सकें तो इससे बेरोजगारी दूर करने में काफ़ी मदद मिलेगी। मेरे प्रस्ताव का यही मतलब है कि देश में जो बेरोजगारी बढ़ रही है और जो आगे चल कर लोकतंत्र प्रणाली को खतरा हो सकती है इसको ध्यान में रख कर हमें आर्टिकिल 19 में जहां और मूल अधिकार दिये गये हैं, उनमें काम के अधिकार को भी शामिल किया जाय। हम तो मानते हैं कि जो हिन्दुस्तान में पैदा होता है वह हमारा नागरिक है और इसलिये सब को समान अधिकार देना चाहिये। फिर रोजगार के समान अवसर से कैसे वंचित कर सकते हैं? इसी बात को ध्यान में रख कर यह प्रस्ताव रखा गया है और सदन के सभी सदस्यगण इसका समर्थन करेंगे। जिस समय संविधान बनाया गया था तब इन बातों को नहीं सोचा गया था लेकिन आज जो देश की आवश्यकता है उसमें बेरोजगारी की समस्या दूर करने के लिये जो मेरा प्रस्ताव है मुझे विश्वास है सदन के सभी सदस्य उसको स्वीकार करेंगे।

MR CHAIRMAN: Some of the hon. members have given their amendments. Shri Bhogendra Jha—not present; Shri Satyanarayan Jatiya—not present.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (Panskura): I beg to move:

"Tht in the resoultion,—

add at the end—

"and as women's employment is disproportionally and disastrously low at least 25 per cent of all the jobs be reserved for women." (5)

SHRI MOOL CHAND DAGA (Pali): I beg to move:

"That in the resolution,—

add at the end—

"and to bring forward necessary amendments to the Constitution for this purpose in the current Session." (2)

SHRI SUDHIR GIRI (Contai): I beg move:

"That in the resolution,—

for "take steps" *substitute*—

"amend the Constitution suitably so as." (1)

Mr. Chairman, I fully support the resolution which has been brought forward by my hon. friend because I am of the opinion that the unemployment problem in India has assumed such a magniude that if we do not solve this problem immediately and if we do not take suitable measures towards the solution of this problem, the whole nation has to face the consequences of it.

What are the factors which have led to such a situation in which people do not find jobs even though they want to have jobs?

As far as we know, there was a time when the people were free to enjoy the natural fruits and water etc., which were so necessary for the maintenance of the daily necessities of life. But subsequently, that situation has changed. The people in authority have assumed power and have curbed the means of production and that is why the people have been at a loss as to how to find their jobs, or even how to live at all. But we should remember at this stage, that we are living in a human society and not in other societies of inferior animals. We have our level of consciousness whcih is higher than the level of consciousness of the lower level of animals. Therefore, I should say that in the feual society, the landlords crabbed the means of production and used to employ the people for their own benefit and in the capitalist society also we find that people are grabbing the means of production and making the people who seek job jobless.

Sir, in India the British Empire exploited the whole nation, looted the nation and the brave Indian people fought against them, and now we have to fight against the landlords in the villages and we have to fight against the imperialist forces and we have to fight against the system of development of life. If we do not fight against all these forces which are acting detrimental to the interests of deserving people who are searching for jobs we shall not be in a position to solve the unemployment problem.

Sir, as regards the unemployment problem, what does our Plan document say? The Plan document has formulated a policy. I am quoting here from page 207, para 13.28 where the Planning Commission has formulated the Employment Policy. I quote—

"...The employment opportunities have not been adequate in the recent past either for the educated manpower or for the overall population. Even in terms of long term unemployment as indicated by the usual status estimates, the position has not been satisfactory. Therefore, the employment policy during the Sixth Plan has to meet the two major goals of reducing under-employment for the majority of labour force and cutting down on the long term unemployment. Though a lasting solution to these problems could be found only within the framework of a rapid and

employment-oriented economic growth, suitable measures have also to be evolved in the short term in a co-ordinated way particularly for the benefit of the weaker sections..."

And towards the solution of this problem, the Planning Commission has said that the present estimates show that employment on the basis of the standards of two years will grow at 4.17 per cent per annum in the Sixth Plan period, that is, at a rate much higher than the growth of the labour force or 2.50 per cent per annum over the same period. And towards this policy, they have formulated different projects and these have been enumerated at page.... (*Interruptions*). However, as the time is short, I am not pointing out all those things.

Sir, even after the completion of the Fifth Five Year Plan, and even after the lapse of three years of the Sixth Five Year Plan, the backlog of the unemployment has been accumulating and what has the Planning Commission done? The Planning Commission has estimated the number of unemployed on the basis of the Dantawale Committee Report, a Committee of experts on unemployment estimates, and of the National Sample Survey Organisation. The Dantwala Committee is wrong because this Committee has not been able to find out the exact number of unemployed in the country. Depending on the Dantwala Committee recommendations, the Planning Commission has estimated that in 1980 the number of unemployed would be 129.61 million and in 1985 it would increase to 185.339 million. From this you can imagine the magnitude of this problem. In order to solve this problem, the hon. Member has suggested that the right to work should be included in the Chapter of Fundamental Rights of our Constitution. In order to include it as a fundamental right we have to change the social system and economic and fiscal policies; otherwise, we will not be able to solve the problem of those people who are living below the poverty line and are facing tremendous unemployment problem. In order to bring about fiscal and economic changes and to provide more employment opportunities to the people, Government will have to take necessary measures like expanding the internal market, increasing the purchasing power of the people, relying on self-reliant growth of our economy and stopping imports. We have to depend upon ourselves.

MR. CHAIRMAN: The time is very limited. Please touch the main features of the main recommendations.

SHRI SUDHIR GIRI: I am just finishing.

I think, the only way to solve the unemployment problem is to adpot the socialist system of development and growth. Without it the unemployment problem cannot be solved. In this regard I want to quote what Pandit Jawaharlal Nehru had said in his Presidential address before Lucknow Congress on 12 April, 1936:

> "I am convinced that the only key to the solution of the work's problems and of India's problems lies in socialism, and when I use this word, I do so not in a vague humanitarian way but in the scientific, economic sense. Socialism is, however, something even more than an economic doctrine; it is a philosophy of life and as such also it appeals to me. I see no way of ending the poverty, the vast unemployment, the degradation and the subjection of Indian people except through socialism. That involves vast and revolutionary changes in our political and social structure, the ending of vested interests in land and industry, as well as the feudal and the autocratic Indian State system. That means the ending of private property except in a restricted sense, and the replacement of the present profit system by a higher ideal of cooperative service. It means ultimately a change in our instincts and habits and desires. In short, it means a new civilisation radically different from the present capitalist order."

MR. CHAIRMAN: As pointed out earlier, there are many speakers. The main point you have already brought out.

SHRI SUDHIR GIRI: I will take only 2 minutes more. In our Directive Principles chapter in the Constitution, the founding fathers were alike to the gravity of the unemployment problem. They were also conscious of the inequalities in income.

[Shri Sudhir Giri]

That is why they included the chapter on Directive Principles of State Policy. In U.S.A., all the citizens have been guaranteed the right to work. Not only they have been guaranteed right to work, they have been guaranteed right to rest and recreation. They have been guaranteed leisure also. Their housing problems, their health prbolems, all these things have been tackled in such a way that they have been given the freedom or they have been given the right to enjoy all these benefits. On the basis of this, I would suggest that there should be created a Central Employment Fund in which subscriptions should come from the industrial employers, the Central Government, the State Governments, the nationalised banks and the public sector undertakings.

The Government may also consider the imposition of a cess at a rate of two or three per cent of the average turnover of the last three years. The Fund should be used for creating employment opportunities for the people.

One more sugestion is that pending the inclusion of the right to work in our Constitution the Government of India should make provision for the unemployment allowances to the people, at least to the educated people. With this, I thank you.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (Panskura): Sir, thank you for giving me the opportunity to speak. As you have said that I should concentrate on a specific point, I shall concentrate on a very specific subject, may be controvertial, that the House will consider. I want that at the end of this Resolution be added 'and as women's employment is disproportionately and disastrously low at least 25 per cent of all the jobs be reserved for women'. The reason for it you will be knowing is that since 1951 women's percentage in organised industry is going down and down. Jute has driven out almost all the women, textiles have driven out. Even during the Interantional Women's Year we discussed these things and noticed that there is the declining trend. Now this is the decade. Again in tobacco industry. 5000 women are going to be retrenched. That is the situation. Even public sector undertakings like BCCL are also retrenching women. I understand that the Railways and banks etc. who are to go in for new machinery, may also throw out more women. This is the declining trend with industrial expansion, you may think, because of some women going here and there, that probably the general women's percentage is increasing. That is not a fact. Due to shortage of time, I do not want to illustrate with figures. I will try to point out the seriousness of the situation. The other day I had put a question in Parliament enquiring about the working of the Apprenticeship Act. Would you believe that in the year 1982, the percentage of women apprentices under the Apprenticeship Act in the Central sector establishments, was only 0.9? This figure is given by the Government. So, you just imagine the disparity. This is the situation with regard to employment of women opening of new avenues for giving them more and more employment. This is also the social attitude prevailing in the society. This discrimination is practised not only by the private industry but also by the Government undertakings. That is why I feel that we shall never get out of this situation unless we have a statutory stipulation of reservation of at least 25 per cent of the jobs for women.

SHRI MOOL CHAND DAGA: Why not 50 per cent?

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: That will be the ideal thing. I will be only too glad if you accept the concept of 50 per cent. I have not put it, because I have no hope of your accepting it. That is why I say that at least 25 per cent of the posts must be reserved for women. This is not a matter of joke. Under the Apprenticeship Act only 0.9 per cent of women have been provided employment or apprenticeship. This being the general situation, for promoting the further employment of women, to prevent their being driven out of organised industry, for getting them a better percentage of employment in the public sector undertakings, It is absolutely essential that at least 25

[Smt. Geeta Mukherjee]

per cent of the jobs are reserved for them in the future.

श्री वृद्धि चन्द जैन (बाड़मेर) : सभापति महोदय, जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, उस प्रस्ताव के बारे में मैं अपने विचार सदन के समक्ष रखना चाहता हूं ।

अगर राईट टू वर्क को संविधान के अन्दर मौलिक अधिकार के रूप में सम्मिलित कर दिया जाए तो भी यह देखने की बात है कि क्या हम आज इस स्थिति में हैं, क्या हम इस मौलिक अधिकार का परिपालन करने में सक्षम होंगे ? यह सोचने का प्रश्न है । अभी जो स्थिति देश में है, उसमें अभी तक हम इसके लिए सक्षम नहीं हुए हैं । हमें इसके लिए अभी बहुत से रास्ते पार करने हैं, बहुत ही मेहनत करने की आवश्यकता है। हमको कर्मठ हो कर कुछ कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे और कठोर निर्णय करने के लिए सब से पहले परिवार नियोजन की ओर हमें अपना ध्यान आकर्षित करना पड़ेगा ।

आज परिवार नियोजन का कार्य जिस प्रकार से हो रहा है, जिस प्रकार से देश की पार्टियां परिवार नियोजन के काय के प्रति कार्य कर रही हैं, परिवार नियोजन के बारे में जिस प्रकार से परिपालन हो रहा है वह बहुत आशानुकूल नहीं है । परिवार नियोजन का कार्य जिस प्रकार से हो रहा है उसको देखते हुए हम अपन देश में कितनी भी पैदावार बढ़ायें, कितना भी अपना औद्योगिक उत्पादन बढ़ायें उस से इस देश की समस्याओं का हल होने वाला नहीं । अगर हम अपनी जनसंख्या को नियंत्रण में करने में सफल नहीं होते हैं तो मैं यह कह सकता हू कि हमें बड़े संकट का सामना करना पड़ेगा ।

हमने योजनायें बनायीं । ये योजनायें हमारी गरीबी मिटाने का एक रास्ता था, हमारी बेरोजगारी मिटाने का एक रास्ता था परन्तु इन योजनाओं के बारे में भी हमने जो संकल्प किये, जो टारगेट्स फिक्स किये, हमने वे टारगेट्स फुलफिल नहीं किये । हमने प्रथम पंचवर्षीय योजना का टारगेट फुलफिल किया लेकिन बाकी किसी पंचवर्षीय योजना का टारगेट फुलफिल नहीं किया । जो काम 5 वर्ष में होना चाहिये था उसमें 7 वर्ष लगे । नतीजा यह हुआ है कि हम 10 वर्ष पीछे रह गए हैं। इसलिए योजनाओं को रियलिस्टक बनाना पड़ेगा । उसी प्रकार की योजना बनानी होगी जिस प्रकार की हमारी क्षमता है, नहीं तो हम सफल नहीं हो सकते हैं ।

रोजगार देने के सवाल को हमने फण्डामेंटल राइट्स में नहीं माना है लेकिन डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स में माना है। अगर इसको फण्डामेंटल राइट्स में मानेंगे तो सबको अधिकार होगा कि वे दावा करके अपना अधिकार ले लें ।

आज हमारे देश में 5 करोड़ बेरोजगार हैं। इनको यदि 50 रूपये भी बेरोजगारी भत्ता दिया जाए तो 95800 करोड़ रुपया देना पड़ेगा । 50 रुपये से वे संतुष्ट भी नहीं हो सकते। 100 रुपये से भी संतुष्ट नहीं हो सकते पढ़े लिखे लोग तो 400 रुपये में भी संतुष्ट नहीं हो सकते । हमें इस समस्या को हल करना है । उस समस्या से निपटने के लिए सरकार ने आई०आर०डी० प्रोग्राम चलाया है । इसके अंतर्गत 1500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है । 750 करोड़ रुपया राज्य सरकारों की तरफ से और 750 करोड़ रुपया केन्द्र की तरफ से रखा गया है। 3000 करोड़ रुपया बैंकों द्वारा ऋण

[श्री वृद्धि चन्द्र जैन]

के रूप में दिया जाएगा । यह कार्यक्रम बहुत अच्छा है और समस्या के समाधान में इसका बहुत योगदान होगा । सातवीं योजना में हमें इस कार्यक्रम का और अधिक विस्तार करना होगा । जो गरीबी की रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे हैं उनके लिए आई० आर० डी० पी० को विस्तृत बनाना होगा । डेजर्ट डेवलपमेंट प्रोग्राम की तरफ भी ज्यादा ध्यान देने का आवश्यकता है भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए भी कुछ कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है । डेडिकेटेड वर्कर्स को काम करना होगा तभी इस समस्या का समाधान हो सकता है । इसके लिए हमको कुरबानी देनी होगी, मेहनत करनी होगी । डेजर्ट डेवलपमेंट प्रोग्राम, एन० आर० ई० पी० जैसे जितने भी प्रोग्राम हाथ में लिए हैं उनको हमें सफल बनाना होगा । हमें कुछ ठोस कदम उठाने होंगे । सभी पार्टियों को संगठित होकर कार्य करना होगा । देश का निर्माण करना होगा । जिस तरह से आजादी प्राप्त करने के लिए कुरबानियां दी गई हैं उसी तरह से आज इन समस्याओं के समाधान के लिए भी परिश्रम करने की आवश्यकता है । जब पूरी मेहनत और लगन से काम करेंगे तभी जाकर राष्ट्र का निर्माण हो सकेगा ।

श्री मूल चन्द डागा: सभापति महोदय, यह सदन बुद्धिजीवियों और जनप्रतिनिधियों का सदन है महात्मा गांधी जी ने एक बात कही थी कि राजनीतिक आजादी से पूरी आजादी नहीं होगी जब तक आर्थिक आजादी नहीं मिलेगी । उन्होंने साफ कहा था—

According to him, "political democracy cannot survive without economic and social democracy."

दीवारों पर लिखा हुआ है सारे हिन्दुस्तान में आप कुछ दिनों के बाद देखेंगे कि आपके इरादे मजबूत नहीं हैं क्योंकि आपके जो सारे योजना बनाने वाले हैं, उनको जो गरीबी की रेखा के नीचे 42 करोड़ लोग हैं, खत्म कर देंगे । यह आपको समय बता देगा । बुद्धिजीवियों का कहना है कि नहीं कर सकते । आपको मालूम नहीं कि करने का इरादा नहीं है । सारे बुद्धिजीवी अपने आप में सुखी हैं ।

आज देश को आजाद हुए 35 साल हो गए हैं लेकिन आप देख सकते हैं कि आज तक कोई वित्त नीति नहीं बनी । श्री चन्दूलाल चन्द्राकर, जो ए० आई० सी० सी० के सेक्रेटरी हैं, उन्होंने भी काफी कुछ कहा है ।

जिन देशों ने राइट टू वर्क बना लिया है, उनका उल्लेख मैं आपके समक्ष करना चाहता हूं ।

Albania: The State guarantees to the citizens the right to work.

Bulgaria : The right to work has been made as one of the Constitutional Right.

Egypt: Work is a right.

German Democratic Republic : The right to work is guaranteed.

Hungary: Work is right.

42 करोड़ की जनसंख्या गरीबी की रेखा के नीचे होने के बाद भी कोई वेतन नीति नहीं बनी है। एक को मिलता है 40 हजार तो दूसरे को 40 रुपया। जब चालीस हजार मिलता है तो कौन कहता है हिन्दुस्तान में कमी है। संविधान के आर्टिकल्स के बारे में आपको बताना चाहता हूं ।

Article 39 (a) " that the citizens ,men and women equally, have the right to an adequate means of livelihood;"

Article 41: "The State shall, within the limits of its economic capacity and development make effective provision for securing the right to work...."

आज आपको मानना पड़ेगा कि जो पूंजीपति हैं उनके घरों में पूंजी चली गयी है और कुछ लोग इसलिये गरीब हो गये कि अभी भी हमारा शोषण और दमन की नीति पर समाज चल रहा है। जो शोषण और दमन की नीति पर सरकार चलेगी, वह कभी भी यह इरादा नहीं करेगी कि राइट टू वर्क होना चाहिये। यह कोई नयी बात नहीं है। गांधी जी ने कहा था जो चीजें बड़े-बड़े मंत्रियों और राजा-महाराजाओं के पास उपलब्ध हैं, जब वह गरीबों की झोपड़ियों में उपलब्ध हो जायेंगी, तभी मेरा सपना पूरा होगा। सब दो अक्तूबर और तीस जनवरी को राजघाट पर जाते हैं और समाधि पर जाकर प्रार्थना करते हैं।

"वैष्णव-जन तो तेने कहिए, जे पीड़ पराई जाने रे"

आज भी हर साल एक करोड़ 15 लाख आदमी बेकार होते हैं।... (व्यवधान) फैमिली प्लानिंग का इससे मतलब नहीं है। सवाल यह है कि जो हमारे संविधान की भावना है, आर्थिक न्याय देने की दृष्टि से इकोनामिक जस्टिस देने की उसको देने का हमारी सरकार का इरादा है क्या? अगर इरादा नहीं है तो माननीय वीरेन्द्र पाटिल जी 100 बातें कह सकते हैं खड़े होकर। क्या महाराष्ट्र सरकार ने गारन्टी योजना शुरू नहीं की? फैमिली प्लानिंग के लिये आप कामन कोड क्यों नहीं बनाते। जाहिर है कि ऐसा करने का इरादा नहीं है। झोंपड़ियों में रहने वाले लोग समझने लगे हैं कि गगनचुंबी मकानों में रहने वाले हमारा ध्यान नहीं रखेंगे। और एक दिन ऐसा आयेगा कि वह इन बड़े-बड़े मकानों को ढहा देंगे और उस समय कोई नहीं बचा सकेगा। झोंपड़ियों में रहने वाले इस बात को समझने लगे हैं, धरती जिनका बिस्तरा और आकाश चादर है उनमें यह भावना आने लगी है। बुद्धिजीवी कहते हैं कि हमारे पास साधन नहीं है। मैं पूछता हूं कि क्या आप स्वयं सादा जीवन व्यतीत करते हैं? नहीं। गांधी जी लन्दन में केवल खादी की धोती पहनकर क्यों गये थे? इसलिये कि उनके दिमाग में यह बात थी कि मैं हिन्दुस्तान का प्रतिनिधित्व करता हूं। राजा विक्रमादित्य नदी के किनारे क्यों रहते थे? औरंगजेब अपनी टोपी खुद बनाकर बेचता था और अपनी रोटी कमाकर खाता था। सभापति जी, आप तो जनरल रह चुके हैं, केवल विल का सवाल है। अगर करना चाहते हैं तो कर सकते हैं, नहीं तो जो हुई जाती प्राप्त की हुई आजादी को भी खतरा पहुंचा देगी। जो योजनायें बनी हैं उनका आधार ज्यादातर शोषण रहा है। आपने बिजली पैदा करके बड़े-बड़े घरों में ज्यादा बिजली पहुंचा दी और गरीब के घर में कम पहुंची। तो जो-जो काम हमने किये हैं अपने हित में किये हैं, साधारण नागरिक के हित में नहीं। बुद्धिजीवी अपना हित पहले सोचता है। लेकिन अब गरीब अपने अधिकारों को समझने लगे हैं। भगवान करे उनमें प्रौढ़ शिक्षा हो जिससे वह अपने अधिकार को ले सकें। इस देश में एक को 4,000 रु० मिलें और दूसरे को 40 रु० यह व्यवस्था अधिक नहीं चल सकती है। एक को 40 कैलारीज मिलें और दूसरे को 1,800 कैलारीज यह ज्यादा दिन नहीं चल सकेगा।

MR. CHAIRMAN: Once again, my request to the hon. Members is that they should try to be very brief in their speeches without repetitions, just making the points.

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : सभापति महोदय, मुझ को बहुत खुशी है अभी डागा जी ने जो लेजिस्लेचर पार्टी के सेक्रटरी हैं और माननीय चन्दू लाल चन्द्राकर, जो संगठन के जनरल सेक्रेटरी हैं, दोनों ने अपने विचार रखे, और सही विचार रखे । और इन्होंने यह भी आभास करा दिया सरकार की तरफ से क्या जवाब आ सकता है । और इन्होंने कहा भी कि 1985 निकट है । यदि नहीं किया तो 1985 में उल्टा रिजल्ट भी हो सकता है ।

प्रस्तावक महोदय ने बहुत ही थोड़े शब्दों में कहा है कि बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने के लिये यह सदन सरकार से सिफारिश करता है कि वह काम के अधिकार को संविधान में मौलिक अधिकारों में शामिल करने की कार्यवाही करे ।

उनका एक लाइन का प्रस्ताव है और इसमें सदन को कोई आपत्ति नहीं है। इसलिये मैंने चन्द्राकर जी को कहा कि कल या आज जब वोटिंग का मामला आयेगा तो हम आपको समर्थन देंगे, लेकिन आप ही प्रस्ताव वापिस ले लेंगे । मैं सर्व-प्रथम उनसे आग्रह करूंगा कि भागने का काम नहीं करें और जब प्रस्ताव रखा है तो उस पर सरकार की नियत का भी साफ पता चल जाये, अपोजीशन का भी पता चल जाये और जिन्होंने प्रस्ताव रखा है उनकी नियत का भी पता लग जाये । इस प्रस्ताव को सरकार को गम्भीरता से लेना चाहिये ।

हमारे माननीय डागा साहब ने महात्मा गांधी का उद्धरण देते हुए कहा कि आजादी तब तक अधूरी है, जब तक आर्थिक आजादी नहीं मिल जाती । संस्कृत में एक श्लोक है—

"विभुक्षिता किं न करोती पापम्"

भूखा कौन पाप नहीं करता ।

मैं एक किताब पढ़ रहा था, किस की वह थी, वह मुझे ध्यान नहीं, लेकिन उसकी जेल की डायरी में लिखा था कि मैं आज बहुत बड़े ओहदे पर हूं लेकिन जब जेल में था तो 24 घंटे में वहां दो रोटी मिलती थीं । मैं उन दो रोटी और समय को गिनता रहता था । मैं उन रोटियों के 8 टुकड़े करता था और 2–2 घंटे में एक-एक टुकड़ा खाता था। हर वक्त देखता रहता था कि दो घंटे कब बीतने वाले हैं । उसने लिखा है कि एक दिन मेरा मित्र बीमार पड़ गया, उसकी रोटी के लोभ में मुझे झूठ बोलना पड़ा और उसकी रोटी मैंने ले ली ।

जब लोगों के पेट में आग जलती है तो देश में धर्म और कर्म की पूजा नहीं होती, रोटी ही उस समय भगवान का काम करती है ।

Man cannot live without bread.

इसकी मूल भावना है कि लोगों को रोटी मिले ।

महर्षि विश्वामित्र जैसे बड़े आदमी को भूख लगी थी तो उन्होंने चांडाल के यहां जाकर मांस खाया था और चांडाल का झूठा खाना खाया था । पेट की भूख पेट की बीमारी है । पेट की भूख जब चलती है तो लोग देश और धर्म को ठुकरा देते हैं ।

आज इस सदन में इस विषय पर तीसरी बार बहस हो रही है । सन् 1978 में श्री यमुना प्रसाद शास्त्री ने एक बिल लाने की कोशिश की थी और दूसरी बार शायद श्री मधु दंडवते जी का बिल था । इस सदन में बार बार चर्चा होती है और सरकार की तरफ से बारबार एक ही उत्तर दिया जाता है । आप और हम जो भी पावर में आये हैं गरीबी हटाने का नारा लगाया है । अगर गरीबी हट जाती तो इस संकल्प की जरूरत नहीं थी लेकिन यह बढ़ती जा रही है ।

मैं श्री डागा जी से शत-प्रतिशत सहमत हूं कि राइट टू जाब और राइट टू वर्क किस के लिये है । बड़े लोगों के बेटे, अफसरों के बेटे, इंडस्ट्रियलिस्ट्स के बेटे क्या बेरोजगार हैं ? कोई बेरोजगार नहीं है । जो मिनिस्टर हो गया है, उसका बेटा अन-एम्पलायड नहीं रहेगा । अन-एम्पलायड कौन है, बेरोजगार कौन है ? जिसके कोई मां-बाप नहीं है, जिसका कोई देखने सुनने वाला नहीं है । राइट टू वर्क तो उसके लिए है । हिन्दुस्तान का एक पक्ष है उसको तो आलरेडी सब कुछ मिल रहा है, कोई बता सकता है कि बड़े लोगों का कोई बेटा बेकार है ? नहीं है ।

श्री मूलचन्द डागा : वह ज्यादा खाता है और बीमार हो जाता है ।

श्री राम विलास पासवान : उसके सामने प्राबलम है कि किस प्रकार से पैसा खर्च किया जाए ।

श्री मूल चन्द डागा : वह ज्यादा खाता है, ज्यादा हस्पताल की दवाएं लेकर देश के और लोगों का नुक्सान करता है ।

श्री राम विलास पासवान : कुछ लोगों के सामने प्राबलम है—

How to earn money.

उन लोगों के सामने तो यह है कि पैसा कैसे खर्च किया जाये । एक आदमी की अपनी कमाई ही दस रुपये की है लेकिन किसी के सिर्फ पान खाने की कीमत 10 रुपये होती है ।

जहां तक दूसरे देशों की बात है, डागा साहब बता रहे थे । मैं रूस के संविधान की धारा 118 को पढ़कर सुनाता हूं :—

"The citizen of USSR shall have the right to work, that is, the right to guaranteed employment and payment for the work in accordance with the quantity and quality."

यूगोस्लाविया के संविधान की धारा 159 में कहा गया है :

"The right to work shall be guaranteed."

"Rights acquired on account of labour shall be inalienable."

जापान के संविधान की धारा 27 में कहा गया है :

"All people shall have the right and obligation to work, Standards for wages, hours, rest and other working conditions shall be fixed by law. Children shall not be exploited."

रूमानिया के संविधान की धारा 18 के अनुसरा :

"In the Socialist Republic of Romania, the citizens have the right to work. Each citizen is given the possibility to carry on, according to his training and activity in the economic, administrative, social or cultural field and is remunerated

[श्री राम विलास पासवान]

according to its quantity and quality. For equal work there is equal pay."

जर्मन डिमोक्रैटिक पब्लिक का कांस्टीटूशन कहता है :

"Every citizen of the German Democratic Republic has the right to work. He has the right to employment and its free selection in accordance with social requirements and personal qualifications. He has the right to pay according to the quality and quantity of the work. Men, women, adults and young people have the right to equal pay for equal work|output."

चीन ने भी 1975 में अपना वि - धान संशोधित किया है और चीन के संविधान की धारा 27 में लिखा है :

"Article 27 of 1975 constitution *inter alia* provides that citizens have the right to work and the right to education. Working people have the right to rest and the right to material assistance in old age and in case of illness or disability."

संयुक्त राष्ट्र संघ के युनिवर्सल डिक्लेरेशन आफ ह्यूमन राइट्स की धारा 23 में भी कहा गया है :

"All of us have the right to work and choose a type of work we deserve. We are entitled to receive equal pay for equal work."

जहां तक जनसंख्या की बात है हमारे मुकाबले चीन में जनसंख्या अधिक है लेकिन वहां पर राइट टु वर्क दिया गया है । यहां पर चूंकि आपकी बिल नहीं है इसलिए आप इधर उधर भरमाते हैं । आपके संविधान के आर्टिकल 39 41 के अनुसार और डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स में जो प्राविजन है उसको तो कोई पढ़ता नहीं है । मैं समझता हूं डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स को तो हटा ही देना चाहिए क्योंकि उसका कोई मतलब ही नहीं रह गया है । जनसंख्या के बारे में तो तर्क दिया जाता है कि बहुत से लोग है और इतने फंड नहीं है वह भी थोथी दलील है और वास्तविकता से उसका कोई सम्बन्ध नहीं है ।

जहां तक ब्लकमनी का सवाल है युसुफ पटेल, हाजी मस्तान और बखिया जैसे लोगों ने जो कहा है वह आप उनके इन्टरव्यू में पढ़िए, वह कहते हैं कि बम्बई में 75 परसेन्ट पैसा ब्लैकमनी का है ।

एक माननीय सदस्य : आपके जेठमलानी उनकी वकालत करते हैं ।

श्री राम विलास पासवान : वकालत उनका पेशा है, मैं उसके बारे में कुछ नहीं कहना चाहता । मैं तो यह कहना चाहता हूं कि युसुफ पटेल और बखिया जैसे लोगों ने कहा है बम्बई और दूसरे बड़े बड़े नगरों में 75 परसेन्ट पैसा और प्रापर्टी ब्लैकमनी का है । मैंने इस पार्लियमेन्ट में भी कहा था कि आप तीन काम करें । आप राइट टु वर्क करना चाहे तो राइट टु वर्क करें । यदि यह नहीं कर सकते हैं तो अनएप्लायमेन्ट एलाउन्स दें । यदि यह भी नहीं कर सकते हैं तो नौकरी की उम्र की सीमा को बढ़ाइये । आज नौकरी की उम्र आप ने 25, 28 साल और 30 साल रखी हुई है । 30 साल की उम्र के आज 15 लाख पोस्ट ग्रेजुएट बेकार हैं 20 लाख ग्रेजुएट बकार हैं । हमारे वे लड़क जो ग्रेजुएशन कर के, पोस्ट-ग्रेजुएशन कर के आते हैं, इंजीनियरी पास कर के, डाक्टरी पास कर के आते हैं, जब उन को नौकरी नहीं मिलती है तो आप जानते हैं खाली दिमाग शैतान का वर्कशाप होता है । वे लेफ्ट-राइट करते रहते हैं, इधर से उधर नौकरी के लिये भागते

रहते हैं, लेकिन जब नौकरी नहीं मिलती तो जीवन से निराश हो कर आत्म-हत्या कर लेते हैं या गलत रास्ता पकड़ लेते हैं ।

जब 70 वर्ष की अवस्था का मंत्री और प्रधान मंत्री हो सकता है, जब 80 वर्ष का व्यक्ति एम० पी० या एम०एल० ए० हो सकता है, तो फिर 40 वर्ष की उम्र वाले को नौकरी क्यों नहीं मिलती ? आप कह दीजिये कि 55 साल की उम्र में रिटायर होना पड़ेगा या 58 साल की उम्र में रिटायर होना पड़ेगा, लेकिन यह व्यवस्था भी कीजिये कि 50 साल की उम्र का व्यक्ति भी नौकरी पा सकता है चाहे उसे 5 साल ही नौकरी करनी पड़े । इस में आप को क्या एतराज है ? आप ने ऐसी उम्र रख दी है जिस से आप के लिये प्राबलम न हो, क्योंकि उस उम्र के बाद आप से कोई नौकरी मांगने नहीं आयेगा । लेकिन इस बात को ध्यान में रखना चाहिये चाहे आप से नौकरी नहीं मांगेगा लेकिन देश के सामने एक प्राबलम हो जायगी । इस लिये मैं इस मांग का पूर्ण समर्थन करता हूं । अभी भी समय है—आप इस को स्वीकार कीजिये, संविधान के फण्डामेन्टल राइट्स में इस को रखिये, मूल अधिकारों में इस को जोड़ कर उस को काम पाने का अधिकार दीजिये। तब सरकार की जवाब-देही रहेगी, चाहे जो पार्टी पावर में रहे उस के सामने यह लक्ष्य रहेगा कि उसे लोगों को रोजगार देना है । इस प्रकार का कदम देश के भविष्य के लिये बहुत अच्छा कदम साबित होगा तथा देश की एकता, अखण्डता, उन्नति, प्रासपैरिटी को बढ़ाने में बहुत सहायक सिद्ध होगा । इस लिये मैं इस का पुरजोर समर्थन करता हूं और सरकार से मांग करता हूं कि राइट टु वर्क फण्डामेन्टल राइट्स में इन्कलूड किया जाय ।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : सभापति महोदय, काम के अधिकार को संविधान के मूल अधिकारों में शामिल करने का जो प्रस्ताव माननीय चन्द्राकर जी ने रखा है मैं उस का समर्थन करता हूं । अभी जितनी बातें कही गई हैं और जिस प्रकार के हालात आज देश के अन्दर हैं उन को अगर निरन्तर सही रास्ते पर नहीं लाया गया और इसी प्रकार बेरोजगारी बढ़ती गई तो उस से बड़ी निराशा कोई नहीं होगी । खास कर आज गांवों के अन्दर जो हालात हैं, आप ने जो लैंड रिफार्म्स किये हैं, लेकिन उस के बावजूद भी बहुत से लोग ऐसे हैं जो लैंड-लेस लेबरर्स हैं और जो लाखों की तादाद में हैं। जिन के पास अपनी निजी कोई जमीन नहीं है, उन लोगों की अनएम्पलयामेन्ट की समस्या को हल करने के लिये सरकार की तरफ से क्या व्यवस्था की जा रही है । हमें इस के सम्बन्ध में कुछ न कुछ व्यवस्था करना नितान्त आवश्यक है ।

गांवों में जो छोटे किसान हैं, जिन के पास छोटी जमीनें हैं, मैं कुलक्स की बात नहीं कर रह हूं, जिन के पास हजारों बीघे जमीन हैं वे तो अपने पास सैकड़ों आदमियों को नौकर रख कर खेती करवाते हैं, लेकिन जिन के पास थोड़ी जमीन है, 10–5 बीघे जमीन है, इतनी जमीन से वे 6 महीने भी गुजारा नहीं कर पाते हैं, उन को अनएप्पलाएड रहना पड़ता है, उन के पास दूसरा कोई साधन नहीं है जिस से वे वर्ष भर अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें, ऐसे लोगों को जो 6 महीने बेरोजगार रहते हैं, उन को रोजगार-धन्धा देने की कोई न कोई निश्चित व्यवस्था करनी चाहिये ।

अभी हमारे एक मित्र कह रहे थे कि सरकार इस दिशा में कुछ नहीं करती

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

है—ऐसी बात नहीं है, हमारे संविधान में जो डायरेक्टिव प्रिन्सिपल्ज हैं, उन के तहत सरकार ने कई प्रकार की योजनायें देश में चलाई हैं । आप जानते हैं—आइ० आर० डी० पी० का प्रोग्राम चलाया है जिस के तहत लाखों करोड़ों लोगों को पैसा देकर रोजगार से लगाया जा सकता है । इसी प्रकार एन० आर० ई० पी० का प्रोग्राम है जिस के अन्तर्गत क्षेत्र के विकास के लिये जो कार्यक्रम हाथ में लिये जाते हैं उस में उन को रोजगार और धन्धा दे कर उन की रोजी और रोटी का प्रश्न हल किया जा सकता है । इसी प्रकार से हम काटेज इंडस्ट्रीज को गांवों के अन्दर विशाल पैमाने पर हम बढ़ाने की कोशिश करते हैं । इन काटेज इंडस्ट्रीज को बढ़ा कर भी हम निश्चित तरीके से गांवों के लाखों, करोड़ों लोगों को रोजगार-धंधा दे सकते हैं । खादी का काम जो गांवों के अन्दर चलाया है, उसके जरिये से हैण्डलूम का काम हाथ में लिया है, इनको भी बड़े पैमाने पर चला कर हम निश्चित तरीके से ला ों, करोड़ों लोगों को रोजगार दे सकते हैं ।

लेकिन सोचने की बात यह है कि क्या ये प्रोग्राम ठीक प्रकार से इम्प्लीमेंट हो रहे हैं ? आई० आर० डी० का प्रोग्राम भी बहुत बड़ा प्रोग्राम है । जिस प्रोग्राम में आप 15 सौ करोड़ रुपये अपने जरिय से और तीन हजार करोड़ रुपये कर्जे के रूप में बैंकों से दिलायेंगे । क्या यह प्रोग्राम भी गांवों के अन्दर ठीक से चल रहा है ? इसको देखने के लिये मोनिटरिंग की क्या व्यवस्था है जिसके जरिए से आप जान सकें कि यह ठीक प्रकार से चल रहा है या नहीं ? इस प्रोग्राम के जरिये से भी आप गांवों के करोड़ों लोगों को रोजगार दे सकते हैं । मैं अपने क्षेत्र के अन्दर दौरा करता हूं तो देखता हूं कि आई० आर० डी० के प्रोग्राम के तहत जो रुपया आप कज का देते हैं वह तो लोगों को मिल जाता है लेकिन जो सब्सीडी का रुपया देते हैं, छोटे काश्तकारों और शेड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स के लोगों को 33 परसेंट सब्सीडी उपलब्ध कराते हैं वह लोगों को नहीं मिल पाता है । इसलिए इस कार्यक्रम की मोनेटरिंग करने की आपने क्या व्यवस्था की है ? अगर आप इसकी मोनेटरिंग नहीं करते हैं तो करोड़ों रुपया जो सरकार की तरफ से गरीबी निवारण के लिए दिया जा रहा है वह बर्बाद हो जायेगा और लोगों को रोजगार-धंधा नहीं मिल पयेगा । इसलिये यह आप का कर्तव्य है कि आप भी देखें और स्टेट गवर्नमेंट्स को भी इसको देखने के लिये कहें जिससे कि बरोजगारी की समस्या ठीक प्रकार से हल हो । आपकी इस सब्सीडी का रुपया सरकारी अधिकारी हजम न करने पायें, निश्चित तरीके से इसके लिये आप को कदम उठाने चाहिएं । हमारा फर्ज है कि हम हर व्यक्ति और हर हाथ को काम दें । आप इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने के लिये मोनेटरिंग की व्यवस्था ठीक करें । आपकी यह व्यवस्था न होने से यह कार्यक्रम ठीक प्रकार से कार्यान्वित नहीं हो पा रहा है ।

इस आई० आर० डी० प्रोग्राम की तरह से एक एन० आर० ई० पी० प्रोग्राम है । इस प्रोग्राम के जरिये से जो धन दिया जाए, उसको आप देखें कि वह सही ढंग से लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं । मैंने देखा है कि आप इस कार्यक्रम के अन्तर्गत चाहे अनाज देते हैं या पैसा देते हैं उसका दुरुपयोग करके लोगों ने बर्बाद किया है । इस कार्यक्रम के जरिये से जो एम्प्लायमेंट मिलनी चाहिये थी, वह लोगों को नहीं मिल पाई है ।

हमारे देश के अन्दर कई प्रांतों में इस कार्यक्रम के लिये जितना पैसा स्टट गवर्नमेंट्स को खर्च करना चाहिये था, वह उन्होंने खर्च नहीं किया है। इस कार्यक्रम में जितनी केंद्रीय सरकार सहायता देती है, उसके बराबर का पैसा स्टट गवर्नमेंट को लगाना पड़ता है। लेकिन स्टट गवर्नमेंट चूंकि इस कार्यक्रम पर पूरा पैसा नहीं लगाती, इसलिये यह कार्यक्रम क्रियान्वित नहीं हो रहा है और लोगों को रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसलिये माननीय श्रम मंत्री जी आपका यह कर्तव्य है कि हम सारे प्रोग्रामों को ठीक प्रकार से इम्प्लीमेंट करने के लिये मोनेटरिंग करें। भारत सरकार तो इसके लिये दिल खोल कर पैसा दे रही है मगर राज्य सरकारें इस पर पूरा पैसा खर्च नहीं कर रही हैं जिससे कि यह कार्यक्रम इम्प्लीमेंट नहीं हो पा रहा है और हमारे गरीब भाइयों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इसको ठीक प्रकार से इम्प्लीमेंट कराने की आवश्यकता है।

काटेज इंडस्ट्रीज और खादी कमीशन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों के जरिये से भी आप लाखों लोगों को रोजगार दे सकते हैं। लेकिन खादी के प्रोग्राम में भी क्या हो रहा है ? उनके अधिकारी, कार्यकारिणी के सदस्यगण गड़बड़ी कर के, जितना पैसा खादी कमीशन की तरफ से लोगों को रोजगार धंधा देने के लिये मिलता है, छोटी-छोटी काटेज इंडस्ट्रीज चलाने के लिये मिलता है जिससे कि लाखों लोग अपने-अपने धंधे में लग सकें वह बर्बाद हो रहा है। इस गड़बड़ घोटाले को भी देखने की आवश्यकता है। गांवों के लोगों को रोजगार देने के लिये काटेज इंडस्ट्रीज को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उसमें सही तरीके से लोगों को रोजगार मिल रहा है या नहीं यह देखने के लिये आप के पास क्या मानेटरिंग की व्यवस्था है ? इस तरह की व्यवस्था नितांत आवश्यक है।

एक बात और निवदन करना चाहता हूं। आप के यहां पर जो रोजगार कार्यालय हैं यहां पर व्यवस्था को सुधारना बहुत आवश्यक है। बगैर पैसे लिये नाम नहीं लिखा जाता। इस तरह से गरीब आदमी इस सुविधा से वंचित रह जाता है। प्रत्येक योग्य आदमी का नाम जिस जगह काम काज दिलाया जाना है वहां पर भेजा जाना चाहिये। इस बारे में सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

हमारे यहां धरती में अपार संपदा है जिसको हम एक्सप्लायट नहीं कर पा रहे हैं। अगर हम इसके लिये सही योजना बनायें तो करोड़ों लोगों को रोजगार भी मिल सकता है और देश की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आ सकता है। इसलिये इस बारे में विशेष योजनाओं की आवश्यकता है।

इसी प्रकार हमारे यहां पानी की कमी नहीं है लेकिन हम पानी को रोक नहीं पाये हैं। अगर इस प्रकार की व्यवस्था कर दी जाए तो कृषि का उत्पादन भी बढ़ सकता है, बाढ़ और सूखे से राहत मिल सकती है और करोड़ों लोगों को रोजगार भी मिल सकता है। नदियों को एक दूसरे से कनेक्ट करने की भारत सरकार की योजना भी, उसको भी क्रियान्वित किया जाना चाहिये। इन योजनाओं के बिना हम बेरोजगारी की समस्या को हल नहीं कर सकते।

इसी प्रकार राज्य सरकारों के अन्तर्गत इरीगेशन, पी० डब्ल्यू० डी०, सायल कंजरवेशन आदि जितने भी विभाग हैं इनमें ठेकेदारी प्रथा के जरिये से सारे

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

काम करवाये जाते हैं। इसकी वजह से सारा मुनाफा ठेकेदारों को ही मिलता है। क्या ये काम एंप्लायमेंट गारंटी स्कीम जिस तरह की महाराष्ट्र ने बनाई है उस तरीके से नहीं करवाये जा सकते। इससे लाखों लोगों को रोजगार भी मिलेगा और शोषण को भी रोका जा सकेगा।

शिक्षा प्रणाली के बारे में मेरा निवेदन है कि आज की शिक्षा प्रणाली को बदलने की आवश्यकता है। आज प्रत्येक अधिकारी और मिनिस्टर कहता है कि शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन किया जायेगा। लेकिन इस बारे में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। आज बाबू बनाने वाली शिक्षा को समाप्त करके उसके स्थान पर टेक्नीकल एजूकेशन की आवश्यकता है। इसके जरिये यदि कोई चाहे तो नौकरी कर सकता है और यदि चाहे तो अपना काम भी कर सकता है। इससे वह अपनी रोजी रोटी आसानी से कमा सकेगा। शिक्षा की समान व्यवस्था होनी चाहिये। पब्लिक स्कूल्स बन्द किये जाने चाहियें। अगर बन्द नहीं किये जा सकते तो सभी के लिये एक जैसी शिक्षा की व्यवस्था की जानी चाहिये। अगर यह नहीं किया गया तो गरीब आदमी का बेटा गरीब रह जायेगा और अमीर का बेटा अमीर रहेगा। इसलिये मेरा अनुरोध है कि तमाम लोगों को शिक्षा की समान सुविधा दी जानी चाहिये।

हमारे जो डाइरेक्टिव प्रिंसिपल्स हैं उनके हिसाब से राइट टू वर्क होना चाहिये और इसलिये यह फंडामेंटल राईट्स में इंक्लूड होना आवश्यक है। जब तक यह नहीं होगा तब तक हमने जो बेरोजगारी दूर करने का नारा दिया है, वह पूरा नहीं हो सकता। मेरा सुझाव है कि हर हाथ को काम मिले, इस प्रकार की व्यवस्था हमारी सरकार के जरिए से होनी चाहिये। हमें उम्मीद है कि श्रीमती गांधी के नेतृत्व में निश्चित ही इस प्रकार की व्यवस्था देश में होगी।

श्री सत्यनारायण जटिया (उज्जैन): मैं रुल्स कमेटी में व्यस्त था इसलिये अपनी अमेंडमेंट मूव नहीं कर सका। कृपया मुझे इसके लिये इजाजत दे दें।

सभापति महोदय: एज ए स्पेशल केस मैंने कर दिया है।

SHRI SATYANARAYAN JATIYA: I beg to move:

> "That in the resolution, *add* at the end-- "and each unemployed person should be paid appropriate maintenance allowance till the 'Right to Work' is granted.".(4)

SHRI CHITTA BASU (Barasat): Mr Chairman, Sir, I rise to offer my vigorous and emphatic support to the Resolution moved by our esteemed friend, Shri Chandulal Chandrakar. The Resolution, as you might have observed, is very specific, and it has got no scope of any kind of digression or any kind of misrepresentation. The focus of the Resolution is that the unemployment problem in our country is massive, it has become menacing and may become explosive. The thrust of this Resolution is that the Government should take certain action so that the right to work can be included as one of the Fundamental Rights. These are the two aspects. It is not the other question which has already been mentioned by many hon. Members.

Mr Chairman, Sir, you will agree and the Labour Minister, who is here, will also agree with me that poverty is a denial of life. This is a curse. Anybody, who has suffered hunger knows how it pinches. Whatever might be the views, greatest philosophy is the philosophy of poverty: poverty means denial of life. In other words, in plain words, poverty means the negation of the right to live. In view his problem from that point of view. It is a great pleasure when I find

that our Constitution includes in its Preamble that we want to have socialism in our country.

Just on this point, I want to mention, as my distinguished friends, Shri Daga and Shri Paswan have pointed out, almost all the socialist countries of the world have accepted this right to work as a Fundamental Right. But this Government, which claims to build up socialism in our country now, wavers, falters, and brings in certain points to say that the right to work cannot be accepted, cannot be implemented because of limits imposed by economy.

If you permit me, I can read out the relevant Articles of the Constitution. But Article 31 is clear on that. It is a Directive Principle and the State shall provide an opportunity for work provided the economic situation and the economy does permit. Now, on the one hand you want to develop a socialist economy, on the other you cannot provide what the Socialist States of the world have provided in heir Constitution — the right to work as a Fundamental Right. And still you want to be a Socialist. Now these are known to the people and you are exposed before the people.

Keeping apart the socialist countries which have a different attitude towards life, which you do not accept, even a country like Japan about whose praise we hear from many of you quite often, has accepted this. Japan is not a Socialist country at all. As a matter of fact the present policy of the Japanese Government is hostile to the socialist world.

PROF. N. G. RANGA: Japan is the richest country now.

SHRI CHITTA BASU: But, Sir, Japan, even though it is a capitalist country has accepted the right to work as a Fundamental Right. Sir, France has not become a Socialist State, although Mitterand was its President in the recent past. They have also allowed, long before Mitterand came on the seat of power, the right to work as a Fundamental Right in their Constitution. Sir, I do not like to mention other States. The only point which I want to drive at is that the Socialist countries have accepted the right to work as a Fundamental Right. You claim to be a Socialist State, but you do not accept that right as a Fundamental Right. Not only the Socialist States, even the capitalist countries also have accepted the right to work as a Fundamenal Right. Therefore, Sir, nothing more is required to expose your true face.

